वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर

Email : vbspustor@gmail.com www.vbspu.ac.in

पत्रांक–1572/पू0वि0वि0/केन्द्रीय भण्डार/2022 दिनांक–22.12.2022

शीर्ष प्राथमिकता

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एवं पूर्व में सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जनपद–जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़ एवं मऊ।

विषय– बिना प्रयोग की हुई अवशेष सादी उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त प्रकरण पर राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या–ई–8274/32–जी0एस0/2022–XIV ,दिनांक–20 दिसम्बर, 2022 के कम में अपने महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय द्वारा गत वर्षो की परीक्षाओं में छात्रों के प्रयोगार्थ प्राप्त करायी गयी सादी उत्तरपुस्तिकाओं में अवशेष बची उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या यदि शुन्य की स्थिति में हो तो भी इसकी सूचना विश्वविद्यालय के केन्द्रीय भण्डार के ई–मेल नं0–**vbspustor@gmail.com** पर या सीधे विश्वविद्यालय के केन्द्रीय भण्डार अनुभाग में तीन दिन के अन्दर अवश्य प्राप्त कराने का कष्ट करें, उक्त सूचना नही देने की स्थिति में आपके महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने से वंचित किये जाने पर विचार किया जायेगा।

अतः तद्नुसार अपनी कार्यवाही यथाशीघ्र सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. वित्तअधिकारी/कुलसचिव जी।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी, वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी विश्वविद्यालय मीडिया सेल।

सहायक कुलसचिव
केन्द्रीय भण्डार